आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 13.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में विमान हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति और घायलों से मुलाकात की–श्री मोदी ने दुर्घटनास्थल का दौरा कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

- प्रदेश में प्रचंड गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा–श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 49 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सार्वजनिक निर्माण विभाग बैठक हुई।

- राज्य में नकली खाद और मिलावटी बीज बनाने वाली कम्पनियों के साथ मिलीभगत के आरोप में कृषि विभाग के 11 अधिकारी निलंबित।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। वे सिविल अस्पताल गए और दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से भी मिले। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया तथा राहत कार्यों में लगे अधिकारियों से बात कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। श्री मोदी हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। प्रधानमंत्री ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के दुख और क्षति को वे भलीभांति समझते हैं।

इस बीच, गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल से एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया है। एयरलाइन ने अभी तक ब्लैक बॉक्स की बरामदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस बीच, घायलों की जान बचाने के लिए लोग बड़ी संख्या में सिविल अस्पताल में रक्तदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।
हादसे ने एक बार फिर जीवन की अनिश्चितता का सबक दिया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि पूरा देश इस दुखद दुर्घटना से व्यथित है। पीड़ित परिवारों के साथ सभी की संवेदनाएं हैं। श्री बिरला आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी प्रवास पर हैं। उन्होंने बूंदी में नानक भील के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। डाबी गांव में हुए इस आयोजन में लोकसभा अध्यक्ष ने विमान हादसे के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सितम जारी है। श्रीगंगानगर में आज अधकतम तापमान 49 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। इसके साथ ही गर्मी का 35 साल का रिकॉर्ड टूट गया। चूरू में भी दिन का तापमान 47 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ। वहीं तेज़ तपन के बाद दोपहर में कई स्थानों पर आंधी–बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। झुंझुनूं, कोटपूतली–बहरोड़, भरतपुर और बारां में धूलभरी आंधी के बाद बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया। राजधानी जयपुर में भी बादलों की आवाजाही रही। मौसम विभाग ने आज कई जगह तेज हवाओं के साथ बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। जयपुर, भरतपुर, बारां, झालावाड़ और सीकर जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। वहीं अलवर, चूरू, अजमेर, दौसा, करौली, धौलपुर और कोटा सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं।

इस बीच, प्रदेश में कल से प्री मॉनसून बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कोटा और उदयपुर संभाग से इसकी शुरुआत होगी, जो धीरे–धीरे आगे बढ़ते हुए 20 जून तक जयपुर और भरतपुर संभाग पहुंचेगी।

000

राज्य में मॉनसून के जल्द ही सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में बाढ़ और जल भराव की स्थिति को लेकर पशुधन की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाएंगे। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द सेजरा ने बताया कि पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये थे।

इसके तहत राज्य में 15 जून से जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष सक्रिय किये जाएंगे। इसके साथ ही जिला और उपखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज सार्वजनिक निर्माण विभाग की बैठक हुई। इसमें इन्फ्रा आधारित लम्बित परियोजनाओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री की अगुवाई में कल मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक प्रस्तावित है। इसमें नगरीय निकायों के पुनर्सीमांकन और पुनर्गठन प्रस्तावों पर मंथन किया जाएगा। गौरतलब है कि 27 और 28 मई को हुई बैठक में अजमेर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर, भरतपुर और जयपुर संभाग से जुड़े निकायों के पुनर्गठन संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई थी।

000

प्रदेश में कृषि विभाग में नकली खाद और मिलावटी बीजों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत आज 11 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर इन अधिकारियों को गंभीर लापरवाही बरतने और खाद बीज कम्पनियों के साथ मिली भगत करने के आरोप में निलंबित किया गया है।

शासन उपसचिव नवरत्न कोली की ओर से जारी आदेशों के अनुसार ये अधिकारी माफियाओं के साथ मिलकर किसानों को घटिया खाद बीज की आपूर्ति कर रहे थे। साथ ही विक्रेताओं द्वारा खाद बीज के अवैध भंडारण की शिकायतों पर निरीक्षण नहीं करने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

000

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने चाकसू से करीब सवा चार सौ किलो अवैध गांजा जब्त कर दो तस्करों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन. ने बताया कि दवाइयों की आड़ में ये गांजा एक ट्रक से छत्तीसगढ़ से तस्करी कर जयपुर लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक के साथ चल रही एक कार से गैंग के सरगना सहित तीन लोगों को पकड़ा गया है। बरामद किये गये मादक पदार्थ की कीमत दो करोड़ रुपये बताई गई है।

000

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शहरों और गांवों में योग दिवस को सफल बनाने के लिए प्रोटोकॉल अभ्यास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष मंत्रालय कल नई दिल्ली में योगा कनेक्ट वैश्विक सम्मेलन कर रहा है। विज्ञान भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में देश–विदेश के योग गुरू, नीति निर्माता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और शोधकर्ता तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स हिस्सा लेंगे।

इधर प्रदेश में भी योग दिवस के लिए जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। पाली और हनुमानगढ़ सहित विभिन्न जिलों में शिविरों के माध्यम से काउंट डाउन योगाभ्यास के आयोजन जारी हैं। हनुमानगढ़ में ये शिविर 30 जून तक लगाए जाएंगे। इस दौरान आयुर्वेद विभाग योगाभ्यास के साथ–साथ लोगों में परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों और आयुर्वेद के प्रति जागरुकता भी बढ़ा रहा है।

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले 16 जून को राज्य विधानसभा में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की मौजूदगी में विधायक और विधानसभा कार्मिक विभिन्न आसनों का अभ्यास करेंगे। श्री देवनानी ने योग को सनातन की महान विरासत बताते हुए कहा कि इसे जन–जन का अभिन्न अंग बनाना होगा। उन्होंने कहा कि योग भारत की देन है और वर्तमान में 193 देशों में योग दिवस मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। आज इसमें सुनिये जयपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय में योग की विभागाध्यक्ष डॉ. गुंजन गर्ग का संदेश। इनका कहना है कि आज की भाग दौड़ भरी ज़िंदगी में तनाव से बचने के लिए योग सहायक है।

000

विश्व रक्तदाता दिवस कल मनाया जाएगा। रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को ये दिन मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर आज पाली में जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान राजकीय बांगड़ अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एच.एम. चौधरी ने लोगों को रक्तदान की शपथ भी दिलाई। वहीं हनुमानगढ़ में आज मानस अभियान के तहत नशा मुक्ति शिविर लगाया गया। इस दौरान करीब डेढ़ सौ मरीजों की काउंसलिंग की गई और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

000